## खबर संक्षेप

### सांसद आज पदयात्रा सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 9 नंबवर को छिंदवाड़ा शहर में आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी मार्च पदयात्रा में शामिल होने के साथ ही जिले में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सांसद श्री साहू रविवार को सुबह 11 बजे परासिया रोड छिंदवाड़ा स्थित अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट पूजा लॉज में सांसद खेल महोत्सव को लेकर अधिकारियों और आयोजन समिति की बैठक लेंगे। दोपहर 2 बजे रन फॉर यूनिटी मार्च पदयात्रा में शामिल होंगे।

### निबंध प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**पांढुर्णा/छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को वर्ष 2021 से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष 2025 की दिनांक 15 नवम्बर 2025 को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन के अवसर पर 01 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए पांचवें जनजातीय गौरव दिवस को सम्मानपूर्वक मनाया जाना है। इसी क्रम में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन अवसर पर 01 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज 08 नवम्बर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय बड़चिचोली में जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बॉश शिल्प कला का प्रदर्शन जनजातीय जूनियर छात्रावास रायबासा में किया गया। जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास पांढुर्णा द्वारा बिरसामुंडा से सम्बंधित नाटक प्रस्तुत किया गया।

### बड़चिचोली बायपास पर हुआ हादसा, सभी घायलों को नागपुर किया गया रेफर

# कार और ट्रक में भिड़ंत, छह लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

यहां बडचिचोली बायपास पर आज तडके महाकाल के दर्शन हेतु उज्जैन जा रही भक्तों की कार एक ट्रक से जा टकरायी। इस दुर्घटना में कार में सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक को सीट में फंस जाने के कारण गैस कटर से काट कर बाहर निकाला गया। जिस ट्रक से कार टकराई उसका चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 4 बजे कार क्रमांक एमएच 40 सी क्यू 9211 से महाराष्ट्र के तुमसर से भक्तजन उज्जैन जा रहे थे। इस दौरान कार ना जाने कैसे ट्रक के पिछले हिस्से में जाकर टकरा गई। इस दुर्घटना में रवि रहांगडाले विकास चंद्रिकापुरे, यासनी



छवारे, पुष्पेंद्र सिंह, शेखर पारधी तथा अविनाश पटले बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रिफर कर दिया गया। पुलिस जांच जारी है।

### आबकारी विभाग की अमरवाड़ा क्षेत्र के अवैध शराब के अड्डों पर दबिश

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त अमरवाड़ा के दल द्वारा आज अमरवाड़ा के ग्राम खकरा चौरई में दबिश दी गई, जहां से आरोपियों के कब्जे से 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इसके बाद ग्राम कोल्हिया में पेंच नदी के किनारे के प्लास्टिक के छोटे कैन में भरकर छुपाकर रखा हुआ 250 किलोग्राम महुआ लाहन विधिवत नष्ट किया गया। अगली कार्यवाही ग्राम सिंगोड़ी में करते हुए आरोपी के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इसके साथ ही ग्राम महेंद्रवाडा एवं राजाखोह ढाना में भी नाले के किनारे प्लास्टिक की कैनों में बरामद महुआ लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत कुल 05 प्रकरण कायम कर 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली जाकर कुल 410 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। यह कार्यवाही वृत्त प्रभारी सुश्री वैशाली भगत के नेतृत्व में की गई।



### फरियादी ने एसपी कार्यालय का दरवाजा खटखटाया

## दबंगों के दबाव में न्यूटन पुलिस ने नहीं लिखी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया क्षेत्र के न्यूटन चिखली निवासी शेर मोहम्मद पिता शेख दरबेस ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि दिनांक 05 नवंबर 2025 को उनकी दुकान के सामने खड़ी स्कूटी में एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी।

इस घटना को लेकर जब उन्होंने वाहन चालक से बात की तो मौके पर पहुंचे कुछ अन्य लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की।शेर मोहम्मद के अनुसार, जब वे शिकायत दर्ज कराने न्यूटन पुलिस चौकी पहुंचे, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनकी रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया।

आरोप है कि मारपीट करने वाले व्यक्ति क्षेत्र के दबंग हैं, जिनके प्रभाव के चलते पुलिस कार्यवाही करने से बच रही है।पीड़ित ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा को भी लिखित शिकायत सौंपी है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।

इस बीच, दबंगों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है और उल्टे उनके ही खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। शेर मोहम्मद ने कहा कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो उसकी जिम्मेदारी न्यूटन पुलिस चौकी और संबंधित दबंगों की होगी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है ।

## ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में जिला विशेष किशोर इकाई प्रभारी निरीक्षक संजय भलावी एवं स्टाफ प्रधान आरक्षक लोकेश बघेल, महिला प्रधान आरक्षक श्वेता सनोडिया एवं प्रदीपन संस्था हमराह स्टॉप टीम के दिनांक 08.11.2025 को विसडम पब्लिक स्कूल पाटलेश्वर छिंदवाड़ा में जाकर विषय- पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षवर्ती, साइबर क्राइम, गुड टच वैड टच एवं बाल संरक्षण अधिनियम, शिक्षा के अधिकार अन्य विषयों पर बालक/बालिकाओं को विस्तृत चर्चा कर समझाइए दी गई। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षकगण एवं लगभग 150 बच्चों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इसी प्रकार जिले के थाना बिछुआ, बटकाखापा, तामिया, दमुआ, कुंडीपुरा, चौरई, देहात, मोहखेड, जुन्नारदेव में सभी थाना प्रभारी के नेतृत्व में हमराह स्टाफ के स्कूलों में जाकर जागरूकता अभियान विषय अंतर्गत बच्चों को समझाइए दी गई।

### बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म वितरण जारी

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अनुसार जिले की सभी विधानसभाओं में गणना फॉर्म वितरण का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में यह कार्य 04 नवम्बर से प्रारंभ हो चुका है, जो 04 दिसम्बर 2025 तक संचालित होगा। आज भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरित किए गए। इस चरण में बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाएंगे और प्रत्येक मौजूदा मतदाता को दो प्रतियों में गणना फॉर्म वितरित करेंगे। मतदाता को यह फॉर्म दो प्रति में भरकर बीएलओ को वापस करना होगा, जिसमें से एक प्रति बीएलओ अपने पास रखेंगे तथा दूसरी प्रति पावती के रूप में मतदाता को लौटाई जाएगी। इस प्रक्रिया में मतदाता को गणना फॉर्म के साथ कोई दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायन ने जिले के मतदाताओं से इस कार्य में बीएलओ का सहयोग करने की अपील की है।

## दल-बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचा रेलवे अमला

### तीसरा मार्ग मैगजीन लाइन की ओर से बनाए जाने पर विचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

न्यूटन मार्ग पर स्तिथ रेलवे ब्रिज के चौड़ीकरण कार्य की शुरुआत से पहले अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे अमला शनिवार सुबह अपने पूरे दल - बल के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचा । हालांकि बल प्रयोग की आवश्यकता नहीं पड़ी । लोगों ने पहले ही अपना अतिक्रमण हटा लिया था । थोड़ा बहुत जो बचा था उसे जे सी बी मशीन से हटाया गया । इस दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवागमन बंद रहा । लोगों ने परासिया और न्यूटन की ओर जाने के लिए वैकल्पिक मार्गो का सहारा लिया । अन्य वैकल्पिक मार्ग जिनकी दूरी कम हो उसके भी प्रयास तेज हो गए हैं । स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार अधिकारियों से मिलकर वैकल्पिक मार्ग सुझा रहे हैं । जिसे लोगों को परासिया आने के लिए ज्यादा दूरी तय न करना पड़े । बायपास का विकल्प पहले से ही है , पर दूरी लगभग 5 किलोमीटर होगी । वहीं दूसरा वैकल्पिक मार्ग ई डी सी या रिंक टाकीज होकर वार्ड 1 ओझा मोहल्ला से होकर जी एम ऑफिस के पीछे से होकर परासिया जा सकते हैं । इसके लिए भी लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी । इस मार्ग पर अंडरपास बन चुका है । कच्चे मार्ग पर मुरुम डालकर चलने योग्य बनाया जा रहा है । तीसरा वैकल्पिक मार्ग मैगजीन लाइन की ओर से बनाएं जाने पर विचार किया जा रहा है । फिलहाल अभी ब्रिज के नीचे से आवागमन चालू है । 14 या 15 नवंबर से आवागमन पूर्णतः बंद होने की सम्भावना है ।

## समाजसेवियों ने थाने में मनाया जश्न, दी बधाई



**परासिया।** कर्तव्यपरायणता और जनसेवा के लिए समर्पित, परासिया **SDOP** जितेंद्र सिंह जाट का जन्मदिन स्थानीय पुलिस थाने परासिया में बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया।समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया 'जागते रहो' ग्रुप के सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को खास बनाया।इस अवसर पर, श्री रिंकू रितेश चौरसिया और 'जागते रहो' समूह के सदस्यों ने **SDOP** श्री जाट को पुष्पगुच्छ भेंट किए और उनके दीर्घायु तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी की उपस्थिति में थाने में केक काटा गया और एक-दूसरे को बधाई दी गई, जिससे पुलिस और समाज के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध और मजबूत हुए। यह आयोजन दिखाता है कि पुलिस अधिकारी केवल कानून व्यवस्था नहीं संभालते, बल्कि समाज के अभिन्न अंग हैं, जिनके विशेष दिवसों को सम्मानपूर्वक मनाया जाना चाहिए।**SDOP** जितेंद्र सिंह जाट ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और 'जागते रहो' ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## एसआईआर पर भाजपा की कुंडा व नगर मंडल चौरई की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत भाजपा कुंडा व नगर मंडल चौरई की संयुक्त मंडल कार्यशाला नगर के अन्नपूर्णा लॉन में आयोजित की गई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे एवं भाजपा महामंत्री विजय पांडे की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला प्रभारी के रूप में भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे द्वारा कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया से अवगत कराया गए, साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन करने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि आगामी चुनावों के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। कार्यशाला में नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय व कुंडा मंडल अध्यक्ष धरम वर्मा,जिला मंत्री नीलू निर्मलकर, जिला पंसदस्य लखन वर्मा,जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, नप उपाध्यक्ष सिरपत नायक सहित कार्यशाला में मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रेलवे के निर्माण को रोकने केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिला प्रतिनिधि मंडल

### 30 हज़ार लोगों की राम नवमी पर निकलेगी भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



श्री दादा जी धूनी वाले चारफाटक के सामने स्थित धार्मिक आयोजनों का स्थल में हो रहे रेलवे के पानी टंकी व भवन निर्माण को रोकने व निर्माण की जगह को स्थांतरित करने की माँग को लेकर श्री दादा जी धूनी वाले समिति सहित 14 धार्मिक व सामाजिक समितियों के लेटर पैड पर माँग पत्र को लेकर आज सौसर पूर्व मंत्री व विधायक श्री नाना भाऊ मोहोड के नेतृत्व में आज नागपुर में केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से धार्मिक समितियों के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की।

श्री दादा जी धुनी वाले सेवा समिति के अध्यक्ष श्री विजय पांडेय ने मंत्री जी को बताया उक्त ख़ाली मैदान एक सार्वजनिक धार्मिक आयोजन का स्थल है साथ ही शहर के एकमात्र मोक्षधाम जाने का प्रमुख मार्ग है इस स्थान पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा 30 हज़ार लोगो की राम नवमी पर भव्य रैली,नर्मदा जयंती पर 40 हज़ार लोगो का भंडारा,महाशिवरात्रि पर 2 लाख लोगो का जिले का सबसे बड़ा विशाल मेला,गुरु पूर्णिमा पर दादा जी धूनी वाले जी का 25 हज़ार लोगो का दर्शन व भंडारा,25 हज़ार आदिवासी समाज का विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम,श्री खाटू श्याम जी का 25 हज़ार लोगो का जागरण कार्यक्रम,श्री राजपूत करणी सेना द्वारा 10 हज़ार लोगो की वाहन रैली कार्यक्रम,विश्व हिन्दू परिषद का कार्यक्रम ,चौड़ा बाबा समिति का 10 हज़ार लोगो का जागरण कार्यक्रम, हज़ारो लोगो का भुजलिया उत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम,कृष्ण जन्म उत्सव पर हज़ारो लोगो की विशाल मटकी फोड़ कार्यक्रम जैसे अनेकों कार्यक्रम विभिन्न संगठनों द्वारा वर्ष भर किये जाते है साथ ही उक्त स्थान धार्मिक आस्था से जुड़ा हिस्सा है जिसे लेकर जिले भर के धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने लिखित में अपने ज्ञापन पत्र GM रेलवे व DRM को भी भेजा है।

## पायोनियर मक्का फसल की कार्यशाला का आयोजन

### गांव-गांव लग रही है किसानों की चौपाल, 65 किसान हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

छिंदवाड़ा जिले से सटे बाजार सिंगोड़ी के ग्राम पिंडरई सराफ में कोर्टेवा एग्रीसाइंस सीड्स प्रा लि, पायोनियर ब्रांड ने अपनी खरीफ मक्का हर साल बेमिसाल P3302 का फसल कटाई दिवस की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे गांव के लगभग 65 किसान सम्मिलित हुए और एक एकड़ के मक्के के भुट्टों की सभी के सामने थ्रेसिंग (गहानी) कराई गई और वजन करके किसानो को दिखाया जिसमे सभी किसानो के अनुमान से मक्के की फसल की काफी बेहतर पैदावार देखकर सभी किसान बहुत खुश हुए और कम्पनी प्रतिनिधि योगेन्द्र जाट ने कम्पनी की उन्नत संकर किस्म P3302 की खूबियों से किसानो के साथ रूबरू हुए श्री जाट ने बताया कि इसमें प्रतिकूल परिस्तिथि सहन करने की क्षमता और अधिक शेलिंग (अधिक दाने) व मजबूत जडतन्त्र के साथ - साथ फसल कम समय में पककर तैयार हो जाता है जिससे किसानो को अधिक उत्पादन प्राप्त होता है और साथ ही श्री जाट ने कम्पनी के नए उत्पाद P34104 और P35509 के बारे में किसानो को जानकारी दी जो कि अगले वर्ष से बाजार में उपलब्ध हो जायेगा इस मौके पर कम्पनी के सिंगोड़ी प्रतिनिधि हर्षित चौरसिया और आसूतोष सोनी मौजूद रहे।

## पाटोदी परिवार ने निशुल्क करवाए जरूरत मद 14 लोगों को डायलिसिस

**छिंदवाड़ा।** रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा दिन शुक्रवार को प्रॉजेक्ट हैपिंग हैंड के अंतर्गत रोटेरियन साथियों के परिवार में किसी विशेष यादगार पल में जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु आगे आना और सहायता करना एक प्रेरणादाई प्रॉजेक्ट बनाते जा रहा है।इसी के अंतर्गत रोटेरियन प्रतिष्ठित पटौदी परिवार ने शुक्रवार को अपने परिवार के मुखिया स्वर्गीय बाबूलाल जी पटोदी जी की द्वितिया पुण्यतिथि पर उनकी याद में रोटरी क्लब द्वारा संचालित अल्प शुल्क में संचालित डायलिसिस सेंटर जो डाक्टर नाहर जी की हॉस्पिटल में उनकी मदद से प्रारंभ है उसमे शुक्रवार को दिन भर में आने वाले डायलिसिस के 14 पेशेंट को जिसमें प्रति प्रेजेंट 1300रुपए खर्च आता है बे सभी निशुल्क डायलिसिस करवाया गया ।जिसका संपूर्ण व्यय रोटरी क्लब का हेल्पिंग हैंड प्रोजेक्ट के अंतर्गत पटौदी परिवार द्वारा उठाया गया। जिसकी क्लब के सभी लोगों ने सराहना की।इतना ही नहीं रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी के साथ रोटेरियन विनीत पाटोदी,राजेंद्र पटोदी,महेंद्र पटोदी,आशीष पटोदी,प्रणय पटोदी ने सभी हॉस्पिटल में एडमिट डायलिसिस करवाने आए पेशेंट और उनके परिजन से हाल चाल जाना।रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी ने बताया कि रोटरी परिवार समय समय पर इस तरह के डायलिसिस सेंटर में लोगो की मदद करते रहता है।इस कार्य में डाक्टर प्रवीण नाहर एवं डाक्टर विवेक नाहर जी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। पूर्व में भी रोटरी क्लब द्वारा हेल्पिंग हैंड प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो रुपए में जिला चिकित्सालय परिसर में पर्सेंट के साथ परिजन हेतु भरपेट भोजन एवं रात्रि शयन हेतु आश्रय दिया जाता था।

### जनजातीय छात्रावासों में वर्षो से की जा रही थी बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य की मांग

## मप्र में सबसे अधिक 20 करोड़ 56 लाख से बनेगी छात्रावासों की बाउण्ड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आदिवासी जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के छात्र-छात्राएं दोनों जिलों में संचालित छात्रावासों में रहकर अध्ययन कार्य करते है। दोनों जिलों में छात्रावास तो संचालित की जा रहे है लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए यहां पर बाउण्ड्रीवॉल का अभाव वर्षो से बना हुआ था। अब सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से दोनों जिलों में आदिवासी क्षेत्रों में संचालित 64 विभिन्न जनजातीय छात्रावासों में 20 करोड़ 56 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवॉलों का निर्माण हो सकेगा। मध्यप्रदेश में सबसे अधिक बाउण्ड्रीवॉलों के निर्माण कार्य



छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्वीकृत किये गए है। इन छात्रावासों में कई वर्षो से बाउण्ड्रीवॉलों के निर्माण की मांग की जा रही थी। सांसद की पहल पर अब यह मांग पूरी हो सकी है।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू निरंतर दोनों जिलों का दौरा कर रहे है। इस दौरान उन्हें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा छात्रावासों में बाउण्ड्रीवॉल की अत्याधिक आवश्यकता को देखते हुए इसके निर्माण कार्य की मांग की गई थी। जिसे लेकर सांसद श्री साहू ने विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री कुंवर विजय शाह से मुलाकात करते हुए दोनों जिलों में संचालित जनजातीय छात्रावासों में बाउण्ड्रीवॉलों के निर्माण की मांग की गई थी। जिसे शासन ने स्वीकृत करते हुए दोनों जिलों में संचालित विभिन्न 64 जनजातीय छात्रावासों में बाउण्ड्रीवॉलों के निर्माण के लिए 20 करोड़ 56 लाख की राशि स्वीकृत कर दी है। अब जल्द ही सभी 64 जनजातीय छात्रावासों में बाउण्ड्रीवॉलों का निर्माण हो सकेगा।

### मिली 20 करोड़ 56 लाख की राशि

छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में संचालित जनजातीय विभाग के विभिन्न 64 छात्रावासों के लिए जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 20 करोड़ 56 लाख की राशि स्वीकृत कर दी गई है। जिसमें 33 सीनियर छात्रावासों की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण के लिए 11 करोड़ 2 लाख, 26 आश्रम शाला में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण के लिए 7 करोड़ 71 लाख, 4 जूनियर छात्रावासों में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण के लिए 1 करोड़ 47 लाख एवं महाविद्यालयीन छात्रावास के निर्माण के लिए 35 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

### इन छात्रावासों को मिली राशि

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में संचालित 64 विभिन्न छात्रावासों की बाउण्ड्रीवॉलों के लिए 20 करोड़ 56 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें सीनियर छात्रावासों के लिए 11 करोड़ 2 लाख की राशि मिली है जिसमें सोनपुर के लिए 56.93 लाख, पांढुर्णा 8.05 लाख, छिंदवाड़ा 12.08 लाख, पाठई बालक 50.03 लाख, परतापुर 17.94 लाख, पाठई कन्या 48.19 लाख, धनौरा 25.99 लाख, डुंगरिया 76.94 लाख, छिंदी 9.20 लाख, नांदनवाड़ी 57.50 लाख, पलटवाड़ा 38.18 लाख, दमुआ 6.67 लाख, बिलावर कलां 6.21 लाख, चौरई 57.50 लाख, सुरलाखापा 39.10 लाख, सांख 11.04 लाख, मोरडोंगरी 16.45 लाख, पालाखेड़ 36.92 लाख, छिंदवाड़ा 31.28 लाख, कन्हरगांव 58.19 लाख, चावलपानी 46.23 लाख, बिछुआ 24.27 लाख, झिलमिली 34.62 लाख, बाम्हनवाड़ा 17.71 लाख, नवेगांव 17.37 लाख, सौंसर 45.89 लाख, कुर्सीढाना 58.19 लाख, उमरानाला 14.15 लाख, परासिया 56.81 लाख, देलाखारी 58.88 लाख, झिरपा 14.15 लाख, अतरिया 34.62 लाख, लछुआ 15.07 लाख से बनेगे।

## भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर हुआ बैठक का शुभारंभ

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण SIR को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

संगठन के निर्देशानुसार शनिवार को भाजपा मंडल बिछुआ एवं खमारपानी की संयुक्त बैठक मंगलम लॉन बिछुआ में सम्पन्न हुई,बैठक का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई,बैठक की प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े ने रखी इस दौरान उन्होंने SIR को लेकर विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी,SIR प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने भी जानकारी दी,बैठक के मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल ने SIR अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी एवं कार्यकर्ताओ को संबोधित किया,एवं आग्रह किया कि मतदाता सूची का सत्यापन सभी ध्यान से मिलकर करवाए एवं सहयोग करें।बैठक में आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल,SIR प्रमुख चंद्रशेखर सोनी,विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,मंडल अध्यक्ष द्वय शैलेश चोपड़े,गोपाल कवरेती,पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया,न प उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले,दशरथ साहू,राधेश्याम केवटे, वरिष्ठ नेता मारुति कोचे, बलवीर डेहरिया,समेत पार्षद गण,सरपंच व जनप्रतिनिधि समेत कार्यकर्ता बंधु मातृशक्ति वरिष्ठ नेता गण एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## मार्ग निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

परासिया :- शनिवार 08 अक्टूबर को क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक के मुख्य आतिथ्य में कोहका बाबा ढाना से लोनापठार (शेलखेड़ा) मार्ग के निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ । लगभग 1 किमी दूरी का यह मार्ग 93.22 लाख रूपये की लागत से बनेगा ।बता दें , कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व आमजन आवागमन करते हैं । इस मार्ग के निर्माण कार्य हेतु ग्रामीणजन व आमजनों द्वारा बार - बार शासन - प्रशासन से गुहार लगाई गई । यह मार्ग कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ था । इस मार्ग के निर्माण नहीं होने से 10 से 12 गाँव प्रभावित होते थे । क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक के निरंतर प्रयासों से कोहका बाबा ढाना से लोनापठार (शेलखेड़ा) मार्ग स्वीकृत हुआ है । निश्चित ही यह मार्ग का निर्माण कार्य होने से ग्रामीणजन व आमजनों को आवागमन में बहुत अधिक सुविधा प्राप्त होगी । इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमारी युवनाती (जनपद सदस्य) , संगीता उइके (सरपंच ग्रा.पंचा. कोहका) , गणेश उइके (उपसरपंच ग्रा.पंचा. कोहका) , मिथिला बाई अंगारे (सरपंच ग्रा.पंचा. बुढ़लापठार) , कुसना मर्सकोले (सरपंच ग्रा.पंचा. धमनिया) , राहुल जायसवाल (क्षेत्रीय कॉग्रेस अध्यक्ष पगारा) , मुकुन्द नर्रे , गोल्डी ठाकुर , सुखमन भलावी , राजपाल भलावी , प्रेमलाल भलावी , दिन्नू उइके , मेमचंद , बलदेव , सवित , दिनेश व ग्राम पंचायत कोहका - बुढ़लापठार के पंचगण व अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे ।



## समता स्कूल में कौशल अभिवर्धन शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस स्थानीय समता हायर सेकंडरी स्कूल में जिला पुलिस प्रशासन तथा गायत्री शक्ति पीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर संपन्न हुआ। इसमें थाना प्रभारी अजय मरकाम तथा महिला थाना प्रभारी संध्यारानी ने बाल अपराध के प्रमुख कारण, मोबाइल के दुष्परिणाम, आत्मसुरक्षा, साइबर क्राइम इन विषयों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसके अलावा प्रशिक्षकों द्वारा व्यक्तित्व विकास, किशोर अवस्था में दिनचर्या जीवन, व्यसन मुक्ति, जीवन का लक्ष्य, मित्र कैसे हो, हमारे मार्गदर्शनक सफलता के सूत्र, करियर मार्गदर्शन, भारतीय संस्कृति साधना, उपासना योगिराज वानोडे मुख्य प्रशिक्षक, तुकाराम किनकर, गायत्री ठाकुर, डॉ. वैदेही पुरी, हेमलता पुरी, सरिता खवसकर, सरोज मसतकर, पुष्पा खंडार, मालती जवने तथा नारायण कालभूत द्वारा इन विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर महेश कुमार दुबे संस्थापक समता हायर सेकंडरी स्कूल उपस्थित रहे। प्राचार्य रामेश्वर देशमुख द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# अकिन ने राज्य योगा प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर बढ़ाया गौरव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

स्थानीय रामशांति विद्यामंदिर के छात्र अकिन बारंगे ने मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर रजत पदक पर कब्जा जमाया। गौरतलब है कि इस राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन शिवपुरी जिला ग्वालियर में किया गया था।

इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व रामशांति विद्या मंदिर की छात्रा अकिन बारंगे ने किया। राज्य के विभिन्न संभागों से आई टीमों के बीच हुई प्रतियोगिता में अकिन ने अपनी खेल प्रतिभा प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अकिन के इस प्रदर्शन से विद्यालय और पांढुर्ना जिले का गौरव और बढा है। शाला चेयरमेन सुभाष बुधराजा, शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले और समस्त स्टाफ ने अकिन एवं योगा शिक्षिका मुक्ता नागले को शुभकानाएं दी है।

# पुलिस ने दी मुस्कान विशेष अभियान की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

पुलिस के द्वारा मुस्कान अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक नवंबर से 30 नवंबर संपूर्ण जिले में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे।नगर के अन्ना भाउ साठे भवन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सोनी,डीएसपी श्रीमति प्रियंका पांडे के द्वारा कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधियो की उपस्थिति मे₹ मुस्कान विशेष अभियान के संबंध में जानकारी दी, साथ ही सन फ्लावर स्कूल मोहगांव में छात्र-छात्राओ को ₹ मुस्कान विशेष अभियान₹ के अन्तर्गत महिला संबंधि अपराध के रोकथाम एवं महिला संबंधी अपराधो के प्रति जागरूक करने, सायबर अपराधो की रोकथाम, यातायात नियमो के संबंध में जागरुक करने हेतु पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्र-छात्राओ को महिला संबंधी अपराध, सायबर संबंधी अपराध, के प्रति जागरुक करना है एवं गुम / अपहरता हुए बालक बालिकाओ की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनो को सुरक्षित सुपुर्द किया जाना है साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलो के नाबालिक बालक बालिकाओ एवं मानसिक विक्षिप्त घायल की दस्तयाबी कर परिजनों के सुपुर्द करना है आदी कि जानकारी देना है।इस दौरान जिला अध्यक्ष पांढुर्णा संदीप मोहोड,पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुन्दर सिंह कनेश अतिरिक्त कलेक्ट पांढुर्णा नीलमणि अग्निहोत्री, सहायक कलेक्टर पांडुर्णा श्रीमति मेघा शर्मा,श्रीमति अल्का एक्का, श्रीमति अनिता सिवडे, यातायात निरी. आकांक्षा सहारे, अजय मरकाम, थाना प्रभारी सौंसर निरी. रुपलाल उईके,अमित दानी,ए. बी. मर्सकोले,आशीष भीमठे, विक्रम बघेल आदि थे।

## भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश संगठन का हो रहा विस्तार



**सौंसर।** भ्रष्टाचार मुक्त मध्य प्रदेश संघठन का विस्तार करते हुए निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व विधायक अजय चौरे के मार्गदर्शन में नियुक्तियां की जा रही है। हाल ही में भ्रष्टाचार मुक्त मध्य प्रदेश अभियान संगठन नियुक्तियो में दिनेश लाड़से को प्रमुख संगठक ( ब्लाक)सौसर ओर अल्केश बागड़े को पांढुर्ना जिला समन्वयक,(पांढुर्ना,सौसर, मोहखेड ) किया है।संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार नई नियुक्तियों मेंसौसर( ब्लाक) समन्वय समिति मे 16 लोगो को नियुक्त किया गया है जिसमे गजानन कोचे बंडू बेंडे,अल्केश बागड़े,कैलाश ठाकरे, पंकज ठाकरे,शशिकांत खंडाइत,अमन मालवीय,नीलेश वानखेड़े,भूषण ठाकरे रोशन गावंडे,खुशाल चौधरी, पवन रोहनकर,तुषार विरखरे,नंदू बावरे का समावेश किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी का संस्था के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया है।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धुर्वे ने भांडामुर्री में गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए 04 नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रकों का वितरण किया जा रहा है।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे ने 07 नवंबर को लालबर्रा तहसील के अंतर्गत ग्राम भांडामुर्री का भ्रमण कर ग्राम के तीन मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा किये जा रहे गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री धुर्वे ने इस दौरान बीएलओ के साथ मतदाताओं के घर जाकर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की जानकारी दी और बताया कि गणना पत्रक में चाही गई जानकारी 04 दिसंबर 2025 तक अपने बीएलओ को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। इस दौरान उन्होंने तीनों मतदान केन्द्रों के बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ करें। कोई भी मतदाता इस प्रक्रिया से छूटना नहीं चाहिए। जहां पर मतदाताओं को कोई समस्या आये तो उनकी मदद करें और समस्या का समाधान करायें।

## 4000 रूपये से 5000 रूपये प्रति ट्राली के भाव से बेची जा रही रेत

# खुलेआम जनता को लुट रहे रेत ठेकेदार : मुकेश माहुले



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में रेत कारोबारियों की मनमानी अब चरम पर पहुंच गई है। शासन द्वारा निर्धारित रॉयल्टी दर पर रेत न बेचते हुए रेत ठेकेदार ट्रैक्टर मालिकों से 3000 रूपये तक की रॉयल्टी वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं, यही रेत बाजार में 4000 रुपये से 5000 रुपये प्रति ट्रॉली के भाव से खुलेआम बेची जा रही है। रेत की इस अवैध दर वृद्धि ने आमजन, मजदूरों और निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों की कमर तोड़ दी है।इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुकेश माहुले ने प्रेस वार्ता कर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला। माहुले ने कहा कि रेत ठेकेदार खुलेआम जनता को लूट रहे हैं और प्रशासन इस पर आंख मूंदे बैठा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से जिले में रेत का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे आम नागरिकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।माहुले ने सवाल उठाया कि जब ग्राम पंचायतों को सीमित बजट में विकास कार्य करने होते हैं, तो रेत की इतनी ऊंची कीमतों के बीच वे काम कैसे करें? उन्होंने कहा कि "पीएम आवास योजना के तहत जहां एक लाभार्थी को मात्र रू1.20 लाख की राशि दी जाती है, बाकी मजदूरी पेमेंट की जाती है।वहां 5000 प्रति ट्रॉली की रेत दर से एक छोटे मकान के निर्माण में ही रू1 लाख से अधिक केवल रेत पर खर्च हो जाता है। ऐसे में गरीब आदमी अपने सिर पर छत कैसे डालेगा?"रेत के मुद्दे के साथ माहुले ने किसानों की दुर्दशा को भी प्रमुखता से उठाया। लेकिन असमय बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा आज तक नहीं मिला। किसान कर्ज में डूबे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।"उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रेत ठेकेदारों पर नियंत्रण नहीं किया गया और किसानों को राहत राशि नहीं दी गई, तो वे जिलेभर में आंदोलन छेड़ेंगे। माहुले ने बताया कि आने वाले दिनों में वे जनजागरण अभियान चलाकर जनता को इस अन्याय के खिलाफ एकजुट करेंगे।रेत की ऊंची उड़ान और किसानों की बदहाली को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब रेत की सरकारी रॉयल्टी महज 400 रुपये तय है, तो ठेकेदारों को हजारों रुपये वसूलने की खुली छूट आखिर किसने दी?अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन रेत माफियाओं की इस लूट पर अंकुश लगाएगा, या फिर बालाघाट की जनता इसी तरह रेत के दामों में पिसती रहेगी?

## समाधान योजना : बिजली बिल भुगतान पर 100% तक सरचार्ज माफी, उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

हरिभूम न्यूज बालाघाट ।





मध्यप्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 'समाधान योजना 2025-26' की शुरुआत कर दी है। इस योजना के तहत तीन महीने या उससे अधिक समय से बिजली बिल का भुगतान न करने वाले घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों पर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल के बोझ से राहत देना और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

**समाधान योजना 2025-26:** समाधान योजना उन उपभोक्ताओं के लिए लाई गई है, जिन्होंने तीन माह या उससे अधिक समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। यह योजना "जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान करें और ज्यादा लाभ पाएं" के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एकमुश्त या किश्तों में भुगतान करने की सुविधा दी गई है।

**दो चरणों में चलेगी योजना :** इसमें प्रथम चरण में 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक 60% से लेकर 100% तक सरचार्ज माफी एवं द्वितीय चरण में 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक 50% से 90% तक सरचार्ज माफी एवं इसमें एकमुश्त भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ मिलेगा, जबकि किश्तों में भुगतान करने वालों को छूट थोड़ी कम होगी।

## कल सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर के विद्यालय परिसर में 10 नवम्बर दिन सोमवार को दोपहर 2:00 बजे से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती श्रद्धा सुनेरी ,मुख्य अतिथि श्रीमती धनवंता राहंगडाले रहेंगी ।कार्यक्रम का उद्देश्य कुटुंब व्यवस्था एवं पर्यावरण के प्रति मातृशक्ति की भारतीय दृष्टि विकसित करना



एवं विशेष रूप से विद्या भारती संगठन में मातृशक्ति की भूमिका बढ़ाना ।प्रांत में महिला वक्ताओं और विषय प्रस्तोताओं की टोली का निर्माण करना है।बालक के समग्र विकास में माताओं की भूमिका स्पष्ट करना है। राष्ट्र एवं समाज में परिवर्तन की दृष्टि से महत्वपूर्ण पंच परिवर्तन _पर्यावरण ,स्व का बोध ,नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन एवं सामाजिक समरसता की दिशा में मातृशक्ति में दायित्व बोध का आत्म गौरव बढ़ाना।महिलाओं की सक्रियता बढ़ाना और निर्णय प्रक्रिया में सहभाग बढ़ाना ।महिलाओं को परिवार समाज एवं देश कल्याण के कार्यों की प्रेरणा देना ।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती सुनीता जैन प्राचार्य शासकीय दिलीप भटेरे महाविद्यालय किरनापुर ,द्वितीय वक्ता श्रीमती रोशनी उपाध्याय उपसरपंच ग्राम पंचायत किरनापुर* रहेंगे ।समिति परिवार एवं प्राचार्य एवं आचार्य परिवार ने अधिक से अधिक मातृशक्तियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## पूर्व जनपद सदस्य ने लगाया गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य का आरोप, नीमटोला नहर से थानेगांव पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का मामला

# एक माह से बंद पड़ा है रोड निर्माण कार्य, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण योजना अंतर्गत ग्राम थानेगांव में नहर मार्ग से थानेगांव तक सीसी रोड का निर्माण कार्य 2 करोड 39 लाख की लागत से कराया जा रहा है जो निर्माण कंपनी द्वारा काफी धीमी गति से कराया जा रहा है। वहीं निर्माण कार्य धीमी रफ्तार से चलने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोड निर्माण के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य अमित घोंघड़े ने बताया की उक्त सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है जिसमें विभाग द्वारा जिस कंपनी को ठेका दिया गया है उसके द्वारा निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होने बताया की 1.80 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का कार्य काम बंद पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही और विभाग की मौन स्वीकृति आम लोगों पर भारी पड़ रही है। ठेकेदार ने मनमानी करते हुए करीब डेढ़ साल पहले निर्माण कार्य के लिए सड़क को खोदा और कुछ स्थानों पर गिट्टी बिछाकर यूं ही छोड़ दिया। इस मार्ग पर गिट्टी बिछाने से वाहन चालकों को धूल के गुब्बार का सामना करते हुए परेशान होना पड़ रहा है। अधूरे रास्ते पर चलना लोगों को भारी पड रहा हैं और विभागीय अधिकारी भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**धूल से बाहर निकलने में भी आ रही परेशानी:** ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब तो घर से बाहर निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थिति विकराल है। लेकिन ध्यान देने वाला कोई नहीं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि कोई भी प्रतिनिधि या अधिकारी बोलने की तैयार नहीं है। ठेकेदार ने रोड में गिट्टी बिछाने के बाद पलट कर भी नहीं देखा है। छह माह का समय बीत चुका है और जनता परेशान हो रही है। इस मसले पर ध्यान देने की आवश्यकता है। निर्माण की धीमी चाल ने लोगों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। इस सड़क का निर्माण कार्य बहुत मंद गति से आगे बढ़ रहा है।



**अधूरे निर्माण से राहगीर हलाकान:** कार्य की गति धीमी होने से राहगीर परेशान हैं। सड़क पर उड़ रही धूल व बिखरी गिट्टियां राहगीर की समस्या बनी हुई हैं। दोपहिया और चौपहिया वाहनों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लोगों की शिकायत है कि निर्माण की गति बेहद धीमी है। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि भी सूचना पटल से गायब है। सड़क पर गिट्टी व डस्ट डालकर छोड़ दी गई है। पानी का छिड़काव न होने तथा वाहनों के आवागमन से लगातार धूल उड़ रही है। जिससे पैदल व बाइक से चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**सड़क निर्माण की गुणवत्ता भी खराब:** निर्माण का कार्य बंद होने से ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। कही सड़क में दो इंच गिट्टी और कही-कही गिट्टी का नामोनिशान नही है। जब सड़क ही कमजोर होगा तो सड़क की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर आक्रोश है। ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रख कर निर्माण कार्य को बंद कर दिया हैं। थानेगांव के ग्रामीणो का कहना है की सड़क निर्माण धीमी गति से हो रहा है। इसके वजह से लोगों को आवागमन में मुसीबत होने लगी है। ग्रामीणों का ज्यादातर इसी मार्ग से लांजी मुख्यालय आना जाना लगा रहता है।

### इनका कहना है

रोड निर्माण में लगने वाली मशीन नहीं होने के कारण कार्य बंद पड़ा है। आगामी दो से तीन दिनों में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**सुखराम नेवारे,एसडीओ**
**लोक निर्माण विभाग, लांजी**

इंजीनियर द्वारा कभी इस मार्ग का तकनीकी निरीक्षण नहीं किया जाता जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से रोड का निर्माण कर रहा है। इस मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कराकर अन्य ठेकेदार को कार्य सौंपा जाना चाहिए और कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करना चाहिए।

**अमित घोंघड़े, पूर्व जप सदस्य**

## भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर हुआ बैठक का शुभारंभ

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण SIR को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

संगठन के निर्देशानुसार शनिवार को भाजपा मंडल बिछुआ एवं खमारपानी की संयुक्त बैठक मंगलम लॉन बिछुआ में सम्पन्न हुई,बैठक का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई,बैठक की प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े ने रखी इस दौरान उन्होंने SIR को लेकर विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी,SIR प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने भी जानकारी दी,बैठक के मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल ने SIR अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी एवं कार्यकर्ताओ को संबोधित किया,एवं आग्रह किया कि मतदाता सूची का सत्यापन सभी ध्यान से मिलकर करवाए एवं सहयोग करें।बैठक में आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल,SIR प्रमुख चंद्रशेखर सोनी, विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष द्वय शैलेश चोपड़े, गोपाल कवरेती, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया,न प उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले,दशरथ साहू,राधेश्याम केवटे, वरिष्ठ नेता मारुति कोचे, बलवीर डेहरिया,समेत पार्षद गण,सरपंच व जनप्रतिनिधि समेत कार्यकर्ता \बंधु मातृशक्ति वरिष्ठ नेता गण एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## मार्ग निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

परासिया :- शनिवार 08 अक्टूबर को क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक के मुख्य आतिथ्य में कोहका बाबा ढाना से लोनापठार (शेलखेड़ा) मार्ग के निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ । लगभग 1 किमी दूरी का यह मार्ग 93.22 लाख रूपये की लागत से बनेगा ।बता दें , कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व आमजन आवागमन करते हैं । इस मार्ग के निर्माण कार्य हेतु ग्रामीणजन व आमजनों द्वारा बार - बार शासन - प्रशासन से गुहार लगाई गई । यह मार्ग कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ था । इस मार्ग के निर्माण नहीं होने से 10 से 12 गाँव प्रभावित होते थे । क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक के निरंतर प्रयासों से कोहका बाबा ढाना से लोनापठार (शेलखेड़ा) मार्ग स्वीकृत हुआ है ।



निश्चित ही यह मार्ग का निर्माण कार्य होने से ग्रामीणजन व आमजनों को आवागमन में बहुत अधिक सुविधा प्राप्त होगी । इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमारी युवनाती (जनपद सदस्य) , संगीता उइके (सरपंच ग्रा.पंचा. कोहका) , गणेश उइके (उपसरपंच ग्रा.पंचा. कोहका) , मिथिला बाई अंगारे (सरपंच ग्रा.पंचा. बुदलापठार) , कुसना मर्सकोले (सरपंच ग्रा.पंचा. धमनिया) , राहुल जायसवाल (क्षेत्रीय कॉग्रेस अध्यक्ष पगारा) , मुकुन्द नर्रे , गोल्डी ठाकुर , सुखमन भलावी , राजपाल भलावी , प्रेमलाल भलावी , दिन्नू उइके , मेमचंद , बलदेव , सवित , दिनेश व ग्राम पंचायत कोहका - बुदलापठार के पंचगण व अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे ।

## समता स्कूल में कौशल अभिवर्धन शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस स्थानीय समता हायर सेकंडरी स्कूल में जिला पुलिस प्रशासन तथा गायत्री शक्ति पीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर संपन्न हुआ। इसमें थाना प्रभारी अजय मरकाम तथा महिला थाना प्रभारी संध्यारानी ने बाल अपराध के प्रमुख कारण, मोबाइल के दुष्परिणाम, आत्मसुरक्षा, साइबर क्राइम इन विषयों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसके अलावा प्रशिक्षकों द्वारा व्यक्तित्व विकास, किशोर अवस्था में दिनचर्या जीवन, व्यसन मुक्ति, जीवन का लक्ष्य, मित्र कैसे हो, हमारे मार्गदर्शनक सफलता के सूत्र, करियर मार्गदर्शन, भारतीय संस्कृति साधना, उपासना योगिराज वानोडे मुख्य प्रशिक्षक, तुकाराम किनकर, गायत्री ठाकुर, डॉ. वैदेही पुरी, हेमलता पुरी, सरिता खवसकर, सरोज मसतकर, पुष्पा खंडार, मालती जवने तथा नारायण कालभूत द्वारा इन विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर महेश कुमार दुबे संस्थापक समता हायर सेकंडरी स्कूल उपस्थित रहे। प्राचार्य रामेश्वर देशमुख द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# अकिन ने राज्य योगा प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर बढ़ाया गौरव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

स्थानीय रामशांति विद्यामंदिर के छात्र अकिन बारंगे ने मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर रजत पदक पर कब्जा जमाया। गौरतलब है कि इस राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन शिवपुरी जिला ग्वालियर में किया गया था।

इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व रामशांति विद्या मंदिर की छात्रा अकिन बारंगे ने किया। राज्य के विभिन्न संभागों से आई टीमों के बीच हुई प्रतियोगिता में अकिन ने अपनी खेल प्रतिभा प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अकिन के इस प्रदर्शन से विद्यालय और पांढुर्ना जिले का गौरव और बढा है। शाला चेयरमेन सुभाष बुधराजा, शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले और समस्त स्टाफ ने अकिन एवं योगा शिक्षिका मुक्ता नागले को शुभकानाएं दी है।

# पुलिस ने दी मुस्कान विशेष अभियान की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

पुलिस के द्वारा मुस्कान अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक नवंबर से 30 नवंबर संपूर्ण जिले में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे।नगर के अन्ना भाउ साठे भवन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सोनी,डीएसपी श्रीमति प्रियंका पांडे के द्वारा कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधियो की उपस्थिति मे₹ मुस्कान विशेष अभियान के संबंध में जानकारी दी, साथ ही सन फ्लावर स्कूल मोहगांव में छात्र-छात्राओ को ₹ मुस्कान विशेष अभियान₹ के अन्तर्गत महिला संबंधि अपराध के रोकथाम एवं महिला संबंधी अपराधो के प्रति जागरूक करने, सायबर अपराधो की रोकथाम, यातायात नियमो के संबंध में जागरुक करने हेतु पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्र-छात्राओ को महिला संबंधी अपराध, सायबर संबंधी अपराध, के प्रति जागरुक करना है एवं गुम / अपहरता हुए बालक बालिकाओ की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनो को सुरक्षित सुपुर्द किया जाना है साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलो के नाबालिक बालक बालिकाओ एवं मानसिक विक्षिप्त घायल की दस्तयाबी कर परिजनों के सुपुर्द करना है आदी कि जानकारी देना है।इस दौरान जिला अध्यक्ष पांढुर्णा संदीप मोहोड,पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुन्दर सिंह कनेश अतिरिक्त कलेक्ट पांढुर्णा नीलमणि अग्निहोत्री, सहायक कलेक्टर पांडुर्णा श्रीमति मेघा शर्मा,श्रीमति अल्का एक्का, श्रीमति अनिता सिवडे, यातायात निरी. आकांक्षा सहारे, अजय मरकाम, थाना प्रभारी सौंसर निरी. रुपलाल उईके,अमित दानी,ए. बी. मर्सकोले,आशीष भीमठे, विक्रम बघेल आदि थे।

## भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश संगठन का हो रहा विस्तार



**सौंसर।** भ्रष्टाचार मुक्त मध्य प्रदेश संघठन का विस्तार करते हुए निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व विधायक अजय चौरे के मार्गदर्शन में नियुक्तियां की जा रही है। हाल ही में भ्रष्टाचार मुक्त मध्य प्रदेश अभियान संगठन नियुक्तियो में दिनेश लाड़से को प्रमुख संगठक ( ब्लाक)सौसर ओर अल्केश बागड़े को पांढुर्ना जिला समन्वयक,(पांढुर्ना,सौसर, मोहखेड ) किया है।संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार नई नियुक्तियों मेंसौसर( ब्लाक) समन्वय समिति मे 16 लोगो को नियुक्त किया गया है जिसमे गजानन कोचे बंडू बेंडे,अल्केश बागड़े,कैलाश ठाकरे, पंकज ठाकरे,शशिकांत खंडाइत,अमन मालवीय,नीलेश वानखेड़े,भूषण ठाकरे रोशन गावंडे,खुशाल चौधरी, पवन रोहनकर,तुषार विरखरे,नंदू बावरे का समावेश किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी का संस्था के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया है।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धुर्वे ने भांडामुर्री में गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए 04 नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रकों का वितरण किया जा रहा है।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे ने 07 नवंबर को लालबर्रा तहसील के अंतर्गत ग्राम भांडामुर्री का भ्रमण कर ग्राम के तीन मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा किये जा रहे गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री धुर्वे ने इस दौरान बीएलओ के साथ मतदाताओं के घर जाकर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की जानकारी दी और बताया कि गणना पत्रक में चाही गई जानकारी 04 दिसंबर 2025 तक अपने बीएलओ को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। इस दौरान उन्होंने तीनों मतदान केन्द्रों के बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ करें। कोई भी मतदाता इस प्रक्रिया से छूटना नहीं चाहिए। जहां पर मतदाताओं को कोई समस्या आये तो उनकी मदद करें और समस्या का समाधान करायें।

## 4000 रूपये से 5000 रूपये प्रति ट्राली के भाव से बेची जा रही रेत

# खुलेआम जनता को लूट रहे रेत ठेकेदार : मुकेश माहुले



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में रेत कारोबारियों की मनमानी अब चरम पर पहुंच गई है। शासन द्वारा निर्धारित रॉयल्टी दर पर रेत न बेचते हुए रेत ठेकेदार ट्रैक्टर मालिकों से 3000 रूपये तक की रॉयल्टी वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं, यही रेत बाजार में 4000 रुपये से 5000 रुपये प्रति ट्रॉली के भाव से खुलेआम बेची जा रही है। रेत की इस अवैध दर वृद्धि ने आमजन, मजदूरों और निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों की कमर तोड़ दी है।इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुकेश माहुले ने प्रेस वार्ता कर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला। माहुले ने कहा कि रेत ठेकेदार खुलेआम जनता को लूट रहे हैं और प्रशासन इस पर आंख मूंदे बैठा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से जिले में रेत का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे आम नागरिकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।माहुले ने सवाल उठाया कि जब ग्राम पंचायतों को सीमित बजट में विकास कार्य करने होते हैं, तो रेत की इतनी ऊंची कीमतों के बीच वे काम कैसे करें? उन्होंने कहा कि “पीएम आवास योजना के तहत जहां एक लाभार्थी को मात्र रू1.20 लाख की राशि दी जाती है, बाकी मजदूरी पेमेंट की जाती है।वहां 5000 प्रति ट्रॉली की रेत दर से एक छोटे मकान के निर्माण में ही रू1 लाख से अधिक केवल रेत पर खर्च हो जाता है। ऐसे में गरीब आदमी अपने सिर पर छत कैसे डालेगा?”रेत के मुद्दे के साथ माहुले ने किसानों की दुर्दशा को भी प्रमुखता से उठाया। लेकिन असमय बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा आज तक नहीं मिला। किसान कर्ज में डूबे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।”उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रेत ठेकेदारों पर नियंत्रण नहीं किया गया और किसानों को राहत राशि नहीं दी गई, तो वे जिलेभर में आंदोलन छेड़ेंगे। माहुले ने बताया कि आने वाले दिनों में वे जनजागरण अभियान चलाकर जनता को इस अन्याय के खिलाफ एकजुट करेंगे।रेत की ऊंची उड़ान और किसानों की बदहाली को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब रेत की सरकारी रॉयल्टी महज 400 रुपये तय है, तो ठेकेदारों को हजारों रुपये वसूलने की खुली छूट आखिर किसने दी?अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन रेत माफियाओं की इस लूट पर अंकुश लगाएगा, या फिर बालाघाट की जनता इसी तरह रेत के दामों में पिसती रहेगी?

## समाधान योजना : बिजली बिल भुगतान पर 100% तक सरचार्ज माफी, उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

हरिभूम न्यूज बालाघाट ।



मध्यप्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए ‘समाधान योजना 2025-26’ की शुरुआत कर दी है। इस योजना के तहत तीन महीने या उससे अधिक समय से बिजली बिल का भुगतान न करने वाले घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों पर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल के बोझ से राहत देना और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

**समाधान योजना 2025-26:** समाधान योजना उन उपभोक्ताओं के लिए लाई गई है, जिन्होंने तीन माह या उससे अधिक समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। यह योजना “जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान करें और ज्यादा लाभ पाएं” के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एकमुश्त या किश्तों में भुगतान करने की सुविधा दी गई है।

**दो चरणों में चलेगी योजना :** इसमें प्रथम चरण में 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक 60% से लेकर 100% तक सरचार्ज माफी एवं द्वितीय चरण में 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक 50% से 90% तक सरचार्ज माफी एवं इसमें एकमुश्त भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ मिलेगा, जबकि किश्तों में भुगतान करने वालों को छूट थोड़ी कम होगी।

## पूर्व जनपद सदस्य ने लगाया गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य का आरोप, नीमटोला नहर से थानेगांव पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का मामला

# एक माह से बंद पड़ा है रोड निर्माण कार्य, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण योजना अंतर्गत ग्राम थानेगांव में नहर मार्ग से थानेगांव तक सीसी रोड का निर्माण कार्य 2 करोड 39 लाख की लागत से कराया जा रहा है जो निर्माण कंपनी द्वारा काफी धीमी गति से कराया जा रहा है। वहीं निर्माण कार्य धीमी रफ्तार से चलने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोड निर्माण के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य अमित घोंघड़े ने बताया की उक्त सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है जिसमें विभाग द्वारा जिस कंपनी को ठेका दिया गया है उसके द्वारा निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होने बताया की 1.80 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का कार्य काम बंद पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही और विभाग की मौन स्वीकृति आम लोगों पर भारी पड़ रही है। ठेकेदार ने मनमानी करते हुए करीब डेढ़ साल पहले निर्माण कार्य के लिए सड़क को खोदा और कुछ स्थानों पर गिट्टी बिछाकर यूं ही छोड़ दिया। इस मार्ग पर गिट्टी बिछाने से वाहन चालकों को धूल के गुब्बार का सामना करते हुए परेशान होना पड़ रहा है। अधूरे रास्ते पर चलना लोगों को भारी पड रहा हैं और विभागीय अधिकारी भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**धूल से बाहर निकलने में भी आ रही परेशानी:** ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब तो घर से बाहर निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थिति विकराल है। लेकिन ध्यान देने वाला कोई नहीं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि कोई भी प्रतिनिधि या अधिकारी बोलने की तैयार नहीं है। ठेकेदार ने रोड में गिट्टी बिछाने के बाद पलट कर भी नहीं देखा है। छह माह का समय बीत चुका है और जनता परेशान हो रही है। इस मसले पर ध्यान देने की आवश्यकता है। निर्माण की धीमी चाल ने लोगों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। इस सड़क का निर्माण कार्य बहुत मंद गति से आगे बढ़ रहा है।

**अधूरे निर्माण से राहगीर हलाकान:** कार्य की गति धीमी होने से राहगीर परेशान हैं। सड़क पर उड़ रही धूल व बिखरी गिट्टियां राहगीर की समस्या बनी हुई हैं। दोपहिया और चौपहिया वाहनों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लोगों की शिकायत है कि निर्माण की गति बेहद धीमी है। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि भी सूचना पटल से गायब है। सड़क पर गिट्टी व डस्ट डालकर छोड़ दी गई है। पानी का छिड़काव न होने तथा वाहनों के आवागमन से लगातार धूल उड़ रही है। जिससे पैदल व बाइक से चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**सड़क निर्माण की गुणवत्ता भी खराब:** निर्माण का कार्य बंद होने से ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। कही सड़क में दो इंच गिट्टी और कही-कही गिट्टी का नामोनिशान नही है। जब सड़क ही कमजोर होगा तो सड़क की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर आक्रोश है। ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रख कर निर्माण कार्य को बंद कर दिया हैं। थानेगांव के ग्रामीणो का कहना है की सड़क निर्माण धीमी गति से हो रहा है। इसके वजह से लोगों को आवागमन में मुसीबत होने लगी है। ग्रामीणों का ज्यादातर इसी मार्ग से लांजी मुख्यालय आना जाना लगा रहता है।

### इनका कहना है

रोड निर्माण में लगने वाली मशीन नहीं होने के कारण कार्य बंद पड़ा है। आगामी दो से तीन दिनों में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**सुखराम नेवारे,एसडीओ**
**लोक निर्माण विभाग, लांजी**

इंजीनियर द्वारा कभी इस मार्ग का तकनीकी निरीक्षण नहीं किया जाता जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से रोड का निर्माण कर रहा है। इस मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कराकर अन्य ठेकेदार को कार्य सौंपा जाना चाहिए और कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करना चाहिए।

**अमित घोंघड़े, पूर्व जप सदस्य**

## कल सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर के विद्यालय परिसर में 10 नवम्बर दिन सोमवार को दोपहर 2:00 बजे से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती श्रद्धा सुनेरी ,मुख्य अतिथि श्रीमती धनवंता राहंगडाले रहेंगी ।कार्यक्रम का उद्देश्य कुटुंब व्यवस्था एवं पर्यावरण के प्रति मातृशक्ति की भारतीय दृष्टि विकसित करना एवं विशेष रूप से विद्या भारती संगठन में मातृशक्ति की भूमिका बढ़ाना ।प्रांत में महिला वक्ताओं और विषय प्रस्तोताओं की टोली का निर्माण करना है।



### खांदी टोला की दुकान को किया गया बंद, ग्रामीण परेशान

# पीडीएस की दुकान में हुई चोरी!

## आरोपी पर नहीं हुई कार्रवाई पुलिस ने अनाज खरीदने वाले से की सांठगांठ

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



क्षेत्र की मायॅल नगरी तिरोड़ी के खांदीटोला में संचालित होने वाली उचित मूल्य की दुकान को अब बंद कर दिया गया है। जिस कारण इस दुकान पर आश्रित हितग्राही परेशान हो रहे है। हितग्राहियों ने बताया कि इस दुकान को बंद करने के बाद बाजार चौक से अनाज का वितरण किया जा रहा है। जिस कारण हितग्राहियों को अब अनाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। महिलाओं ने बताया कि अनाज को सिर पर लांदकर अब पहले से अधिक लंबा सफर करना पड़ रहा है। दरअसल, बीते दिनों उचित मूल्य की दुकान में अनाज चोरी की घटना घटित हुई। सेल्समैन शारदा परिहार ने चोरी की शिकायत थाने में दर्ज करवाई। सूत्र बताते है कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सरकारी अनाज की चोरी करने वाले चोर का पता भी लगा लिया। किंतु चोर के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की बल्कि चोर ने जिसे सरकारी अनाज बेचा था उस दुकानदार का पता लगाकर पुलिस ने सांठ-गांठ कर कथित तौर पर दुकानदार से मोटी कमाई कर डाली। खांदी टोला में खांदी टोला और इंद्रा कॉलोनी के ग्रामीणों को अनाज मिलता था अब ग्रामीण ड़ेढ़ से 03 किमी की दूरी तय कर अनाज लेने जा रहे है।

इंद्रा कॉलोनी और खांदी टोला के हितग्राहियों ने बताया कि स्थानीय राजनीति की दबाव में पीडीएस की दुकान के स्थान में परिवर्तन किया गया। जबकि जिसने चोरी की घटना को अंजाम दिया वह आज भी खुलेआम घूम रहा है। तिरोड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली लगातार विवादों में रहती है। पुलिस आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। यह आरोप लगातार पुलिस पर लग रहे है। बावजूद इसके पुलिस अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं ला रही है। थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या ने बीते दिनों जिस तरह से कुछ मामलों में कार्रवाई की उससे साफ हुआ कि वह आरोपियों को ही बढ़ावा देने का काम करते है और कुछ लोगों के प्रति उनका झुकाव भी अधिक होता है। ग्रामीण दबी जुबान ही सही लेकिन थाना प्रभारी को हटाने की मांग कर रहे है ताकि थाने में आने वाला नया पुलिस अधिकारी चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाकर आरोपियों पर कार्रवाई करें।

### वन विभाग के उड़नदस्ता ने पोंगारझोड़ी में की छापामार कार्यवाही

# 32 नग बीजा लट्ठा व चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्य वन संरक्षक बालाघाट गौरव चैधरी के निर्देशन में उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री अजय चौरे के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल बालाघाट के कर्मचारी श्री राजेन्द्र कुमार मड़ामे, उप०व०क्षे०, श्री राकेश कुमार सनोडिया वनपाल श्री नरेन्द्र शेंडे, श्री तिलक सिंह राहंगडाले, श्री सौरभ यादव, श्री देवेन्द्र उके वनरक्षक, श्री शम्भूलाल यादव वाहनचालक उड़नदस्ता दल वनवृत्त बालाघाट द्वारा 07 नवंबर को पश्चिम बैहर (सा०) के ग्राम पोंगारझोड़ी में छापामार कार्यवाही कर मनोज वल्द अमरसिंह के घर से अवैध रूप से रखी गई बीजा लट्ठा एवं चिरान जब्त कर कार्यवाही की गई है। दिनांक 07 नवंबर 2025 को उड़नदस्ता दल वनवृत्त बालाघाट को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की पश्चिम बैहर (सा०) के अंतर्गत ग्राम पोंगारझोड़ी निवासी श्री मनोज वल्द अमरसिंह के घर पर अवैध रूप से बीजा लट्ठा एवं चिरान रखें होने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर उड़नदस्ता दल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुवे उप०व०म० बैहर (सा०) से सर्च वारंट प्राप्त कर पश्चिम बैहर (सा०) परिक्षेत्र के स्थानीय अमले को साथ में रखकर संबंधित व्यक्ति के यहाँ सर्च वारंट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। जहाँ तलाशी उपरांत बीजा प्रजाति के कुल 32 नग लट्ठा एवं चिरान पाई गई। पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। जिस पर आरोपी मनोज वल्द अमरसिंह, जाति-पनका, साकिन- पोंगारझोड़ी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत वन अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उड़नदस्ता दल ने एक नग बीजा लट्ठा और 31 नगर चिरान जब्त की है। इस कार्यवाही में देवेन्द्र मड़ावी प०स० बघोली, श्रीमति नीलिमा बोरकर का० वनपाल, नमन गुप्ता, मृगेन्द्र सिंह बघेल वनरक्षक एवं पश्चिम बैहर सामान्य परिक्षेत्र के स्थानीय अमले का विशेष योगदान रहा।

### रेत से भरे ट्रैक्टर को रोककर रॉयल्टी मांगी थी, पुलिस थाने में शिकायत दर्ज

# हमलावरों ने लाठियों से पीटा, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




**बालाघाट जिले में रेत कारोबार से जुड़े विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है। शुक्रवार देर रात वारासिवनी अनुविभाग के रेंगाटोला चौक पर हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक नरेन्द्र राजपूत को गोंदिया के एक निजी अस्पताल में ICU में भर्ती कराया गया है। इस घटना में उसके दो साथी ऋषि और शिवप्रसाद यादव को भी चोटें आई हैं।**

यह पूरा मामला रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन से जुड़ा बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नरेन्द्र राजपूत अपने साथियों ऋषि और शिवप्रसाद यादव के साथ फोर व्हीलर से रेंगाटोला पहुंचे थे। उन्होंने वहां एक रेत से भरे ट्रैक्टर को रोककर रॉयल्टी की मांग की, जिसके बाद यह मारपीट हुई। पुलिस ने अभी तक विवाद के सटीक कारणों की पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है।

घायल नरेन्द्र राजपूत की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने लाठियों और अन्य औजारों से उन पर हमला किया था। हालांकि, हमलावरों की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घायलों की ओर से पुलिस को एक शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस पर जांच की जा रही है। पुलिस हमलावरों की तलाश में सक्रिय हो गई है। जिले में रेत कारोबार से जुड़े विवादों में मारपीट की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन यह पहला मामला है जिसमें शिकायत दर्ज की गई है।

### जिलेभर में छापामार कार्रवाई, दर्जनों दुकानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने

# मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन का शिकंजा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम ने मिलावटखोरी पर नकेल कसते हुए जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया। प्रशासन द्वारा संचालित इस अभियान में वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, लांजी और कारंजा क्षेत्र की किराना दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों और एजेंसियों की बारीकी से जांच की गई। संदिग्ध खाद्य सामग्री के कई नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को मिलावटमुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। वारासिवनी क्षेत्र में बबलू किराना से बाजरा एवं बरबटी दाना तथा कन्हैया किराना से र्सजी और किशमिश के नर्मने लिए गए। वहीं कटंगी के संचेती एजेंसी से सुपारी, सौंफ, सोयाबीन तेल और खोपरा किस के नमूने जांच हेतु भेजे गए। तिरोड़ी में राज किराना से मूंग दाल, खजूर और किशमिश, केदारमल अग्रवाल किराना से नमक एवं किशमिश तथा ज्वाला प्रसाद अग्रवाल से साबूदाना और खारक के नमूने लिए गए। कटंगी चौपाटी क्षेत्र में टीम ने 18 दुकानों का निरीक्षण किया। सभी दुकानदारों से उनके लाइसेंस की प्रतियां ली गईं और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। लांजी के बिसोनी स्थित खान किराना से ड्राई फ्रूट, काजू, मूंग दाल और खारक के नमूने लिए गए, जबकि वहां आउटडेटेड केचप, पोहा और चाय पत्ती मिलने पर 3130 मूल्य की खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। इसी क्रम में कारंजा में किसान राइस मिल का निरीक्षण कर लाइसेंस प्रक्रिया पूरी की गई। यहां राज किराना से किशमिश एवं नमक और दहीकर किराना से भगर एवं नमक के नमूने लिए गए। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल के निर्देश पर चल रहे स्पेशल ड्राइव के तहत डेट्स और रेसीन के कुल 15 नमूने भी जांच हेतु भेजे गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सभी नर्मनों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एफआईआर) में मतदाताओं को गणना पत्रक ऑनलाइन भरने की सुविधा

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एस आईआर) का कार्य 04 नवंबर से शुरू कर दिया गया है। जिले के 1675 बीएलओ 13 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण कर रहे हैं। यह काम 04 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक ऑनलाइन भरने की सुविधा दी गई है। इसके लिए मतदाता द्वारा https://voters.eci.gov.in/ पर लॉगइन करना होगा । इस वेबसाईट पर लागइन करने के लिए मतदाता को अपना मोबाइल नंबर या मतदाता पहचान पत्र क्रमांक भरना होगा। लागइन करने के बाद Fill Enumeration Form Online पर क्लिक करना होगा। मतदाता अपना इपिक नंबर या मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से गणना पत्रक खोलेंगे और चाही गई जानकारी भरेंगे। मतदाता को सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर या बांये हाथ का अंगूठा लगा कर उस कागज की साफ फोटो अपलोड करना होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित घोषणा पत्र के चेक बॉक्स पर क्लिक करना होगा। इसके बाद प्रीव्यू स्क्रीन में मतदाता सभी जानकारी की जाँच करेंगे और सही होने पर Submit Enumeration Form बटन पर क्लिक करेंगे। फार्म सबमिट होने के बाद मतदाता को एसएमएस प्राप्त होगा, जिसमें दी गई लिंक पर क्लिक कर वे अपनी फोटो अपलोड करेंगे। फोटो अपलोड हो जाने पर फार्म सफलतापूर्वक सबमिट हो जायेगा। मतदाता अपने आवेदन की स्थिति एवं विवरण आनलाइन चेक कर सकेंगे।

### सेवा केवल वस्त्र देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी के जीवन में आशा जगाने का संकल्प है

# "सेवा बनी संवेदना की लौ": सुमेरीखेड़ा में आदर्श दान पात्र सेवा समिति ने कंबल एवं शिक्षण सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।




वनांचल की ठंडी हवाओं से ठिठुरते ग्राम सुमेरीखेड़ा तह. बैहर 8 नवंबर करुणा और सहदयता का पर्व बन गया।आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (म.प्र.) ने जन सहयोग के माध्यम से प्रा.शा. सुमेरीखेड़ा में अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कंबल एवं स्टेशनरी किट वितरित किए — ताकि शिक्षा की लौ ठंड के अंधेरे में भी प्रज्वलित बनी रहे।इस अवसर पर प्रधान पाठक, आर. एस. टेकाम, नेत्रकला कुंभलवार, कविता चौहान समिति के सदस्यगण एवं ग्रामवासी जनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भावनात्मक व प्रेरणादायक बना दिया।हर चेहरे पर सच्ची मुस्कान और हर नन्हे हाथ में गर्माहट का एहसास, इस बात का प्रतीक था कि सेवा केवल वस्त्र देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी के जीवन में आशा जगाने का संकल्प है। सेवा के पीछे का उद्देश्यवनांचल क्षेत्र में रह रहे अनेक बच्चे अत्यंत सीमित संसाधनों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ठंड के इस मौसम में जब पढ़ाई की राहें सर्द हवाओं से रुक जाती हैं, तब समिति का यह प्रयास उन बच्चों तक उम्मीद, ऊष्मा और उत्साह पहुँचाने का है — ताकि वे कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा इंसान बन सकें, अपने परिवार को सुकून दे सकें और समाज के उजाले का हिस्सा बन सकें।वर्षों से आदर्श दानपात्र सेवा समिति इसी भावना से प्रेरित होकर वनांचल एवं ग्रामीण अंचलों में सेवा कार्य कर रही है — कभी ठंड में कंबल बाँटकर, तो कभी शिक्षा-सामग्री वितरित कर बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास करती है। समिति ने इस सेवा यज्ञ में योगदान देने वाले सभी करुणा-हृदय दानदाता डॉ. सविता कुमरे, प्रीति रंगलानी, स्वर्णालता भालाधारे, राजमित्रा चोखंद्रे, आशालता वैद्य, ऊषा संभलकर, वैशाली मेश्राम , वर्ष मडामें, इंदिरा डोगरे, शिक्षकगण, जनसेवकों एवं ग्रामीणजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।इनके सहयोग से आज सुमेरीखेड़ा के मासूम चेहरों पर जो मुस्कान आई है, वही इस कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### मांगे नहीं मानने पर होगा उग्र आंदोलन, बैठक में तैयार की गई रूपरेखा

# किसानों की मांग: धान की 3100 रुपये समर्थन मूल्य देने की घोषणा करें सरकार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के जम्मू मरारमाली समाज भवन चिचटोला में जय किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में किसान आंदोलन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। बैठक में उपस्थित किसानों ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर एकजुट हैं और किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि धान की 3100 रुपये समर्थन मूल्य देने की घोषणा की जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और किसान भाईयो ने कहा की सरकार को शीघ्र ही धान की 3100 रुपये समर्थन मूल्य देने की घोषणा की जानी चाहिए। इसके साथ ही वर्तमान में बेमौसम हुई बारिश से फसल नुकसानी को लेकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए और सरकार कृषि ऋण माफी की घोषणा भी करें। प्रदेश के किसानों के लिए पेंशन योजना शुरू की जाए और कृषि उत्पादों के लिए उचित बाजार व्यवस्था की जाए। जय किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि वे आगामी दिनों में एक बड़ा आंदोलन करेंगे और सरकार को किसानों की मांगों को मानने के लिए मजबूर करेंगे। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे एकजुट होकर आंदोलन में शामिल हों और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है, तो वे एक बड़ा आंदोलन करेंगे। आज की इस बैठक में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्षभुरू पटेल के द्वारा मानिक पाचे को किसान कांग्रेस लांजी के ब्लाक अध्यक्षनियुक्त किया गया।इस अवसर पर जिला मुख्यालय से भूरू पटेल किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ज्योति ईश्वर उमरे जिला पंचायत सदस्य, ओंकार बाबा राहंगडाले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, दिनेश लाड़े सभापति जनपद पंचायत लांजी, मानिक पांचे पूर्व जप सदस्य एवं ब्लाक किसान कांग्रेस अध्यक्ष, गणेश बागड़े सरपंच पूर्वाटोला, राजू सोयाम सरपंच खांडाफरी, सीताराम बड़मे सामाजिक कार्यकर्ता, ताराचंद चोरवाड़े, इंद्रकुमार कावड़े, भरत बनोठे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट बालाघाट में उत्साहपूर्वक मनाया गया विश्व रेडियोलॉजी दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

08 नवम्बर को प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में विश्व रेडियोलॉजी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद कुमार सेन, पूर्व रेडियोलॉजी विभाग प्रमुख, जिला चिकित्सालय बालाघाट ,डॉक्टर निलय शिन्दे (एम.डी. रेडियोलॉजी) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, रोग निदान में इसकी भूमिका तथा सुरक्षित रेडिएशन, उपयोग के महत्व पर प्रेरणादायक जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा, संचालिका श्रीमति दुर्गा वर्मा एवं प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।संस्था के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने रेडियोलॉजी विषय पर अपने विचार, मॉडल प्रस्तुति एवं पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रेडियोलॉजी के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं चिकित्सा विज्ञान में इसके महत्त्व को रेखांकित करना रहा।

### धान खरीदी के लिए 185 केंद्र निर्धारित, गोदाम स्तर पर 68 और समिति स्तर पर 117 केंद्र बनाए गए

# 1 दिसंबर से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर होगी धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने तथा उन्हें दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा 185 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। इनमें से 68 केन्द्र गोदाम स्तर पर और 117 केंद्र समिति स्तर पर खोले जाएंगे। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होगी और 20 जनवरी 2026 तक चलेगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि कटंगी तहसील के अंतर्गत बनेगा, कटेरा का केंद्र चिकमारा कैंप, जराहमोहगांव व जाम का केंद्र नंदलेसरा गोदाम, कटंगी का केंद्र कृषि उपज मंडी कटंगी, कटंगी-2, मानेगांव, मानेगांव -2, खैरलांजी, का केंद्र चिकमारा कैंप, अतरी-सावंगी व आगरवाड़ा का केंद्र नंदलेसरा गोदाम, कटंगी-बिसापुर का केंद्र मार्केटिंग गोदाम कटंगी, किरनापुर तहसील में रजेगांव का केंद्र श्री हरि एग्रो गोदाम रजेगांव, खारा का केंद्र सांई कृपा वेयर हाउस नेवरगांव, बिनोरा, बड़गांव, मोरवाही, किरनापुर, वारा, किन्हीं, बोरगांव का केंद्र वाला कैप, खैरलांजी तहसील में खैरलांजी का केंद्र किन्हीं मंडी, बेनी, भेंडारा, भेंडारा -2 का केंद्र भेंडारा कैप, आरंभा, आरंभा-2, अतरी, नवेगांव -3 का केंद्र मोहाड़ी कैप, परसवाड़ा तहसील में परसवाड़ा-1, परसवाड़ा -2, भोरवाही, बघोली, परसवाड़ा -3 का केंद्र डोंगरिया कैप, बालाघाट तहसील में लिंगा का केंद्र पूजा वेयर हाउस, कुम्हारी का केंद्र कुम्हारी गोदाम, गोंगलई का केंद्र कृषि मंडी, खुरसोड़ी-1 का केंद्र कृषि साख सहकारी समिति खुरसोड़ी गोदाम, मानेगांव का केंद्र सपना वेयर हाउस मानेगांव, खुरसोड़ी-2 का केंद्र सांई बाबा वेयर हाउस खुरसोड़ी, लांजी तहसील में कुम्हारीकला, दहेगांव, पालडोंगरी, कुम्हारीखुर्द, साडरा के केंद्र पालडोंगरी कैप, बैहर तहसील में बैहर का केंद्र प्रयास वेयर हाउस बैहर, लालबर्रा तहसील में चिल्लौद, निलजी, मोहगांव-धपेरा, लेंडेझरी का केंद्र बिरसोला कैप, बड़गांव का केंद्र रुखमणि वेयर हाउस बड़गांव, ददिया का केंद्र रामजी



वेयर हाउस लालबर्रा, कनकी का केंद्र कृषि मंडी कनकी, लालबर्रा, मिरेगांव का केंद्र कृषि मंडी बकोड़ा, मानपुर का केंद्र मार्केटिंग गोदाम लालबर्रा, नेवरगांव-1, नेवरगांव-2 का केंद्र हर्षित गोदाम वारासिवनी तथा वारासिवनी तहसील में मेंढकी का केंद्र भेंडारा कैप, खापा का केंद्र खापा कैप, वारासिवनी-1 का केंद्र जाहान्वी वेयर हाउस तुमाड़ी, वारासिवनी-2 का केंद्र धार्मिक वेयर हाउस तुमाड़ी, कोचेवाही, का केंद्र बालाघाट फार्मर प्रो. कोचेवाही, लड़सड़ा, डोंगरमाली का केंद्र भेंडारा कैप एवं जागपुर, कायदी-1,कायदी-2 का केंद्र सिद्धार्थ वेयर हाउस डोंगरिया में बनाया गया है।

समिति स्तर पर कटंगी तहसील में समतपुरी, सिरपुर, भजियापार, टेकाड़ी-नंदोरा, किरनापुर तहसील में चिल्ला, पिपरझरी, माटे, सिवनी, दिगोधा, मोहगांव खुर्द, कान्द्रीकला, सेवती, पिंपलगांव, खैरलांजी तहसील में खरखड़ी, भौरगढ़, फूलचुर, मोवाड़, सावरी, गजपुर, पांजरा, सालेटेका, सालेबर्डी, मोहगांव घाट, टेकाड़ीघाट, भजियादंड, कटोरी, ऐनागोंदी, पिंडकेपार, तिरोड़ी तहसील में नांदी, कटेदरा, धनकोषा, बोथवा, महकेपार, कुड़वा, बम्हनी, हरदोली, परसवाड़ाघाट, परसवाड़ा तहसील में उकवा, चिखलाझोड़ी, कुमादेही, बोदा, मझगांव, डोरा, बालाघाट तहसील में अमेड़ा, भरवेली, जरेरा, लामता, चांगोटोला, समनापुर, मगरदर्रा, चरेगांव, टाकाबर्रा, घुनाड़ी, गुडरू, मोहगांव (गुडरू), हट्टा, नाहरवानी, बिरसा तहसील में मानेगांव, बीजाटोला, दमोह, रेलवाही, पल्हेरा, मंडई, बिरसा, मोहगांव, जानपुर, सालेटेकरी, लोरमी, सोनगुड्डा, बैहर तहसील में बैहर, दलदला, आमगांव, भंडेरी, परसामऊ, गढ़ी, बिठली, लांजी तहसील में लांजी, कारंजा, बहेला, घोटी, देवरबेली, बिरनपुर, कलपाथरी, मनेरी, बड़गांव, मिरिया, चिचोली, भानेगांव, बोलेगांव, मोहझरी, लालबर्रा तहसील में घोटी, सिहोरा, पाथरसाही, नेवरगांव-ला, बहेगांव, डोकरबंदी, खमरिया, टेंगनीकला, बल्लारपुर, पलाकामथी, गारापुरी, साल्हे, कंजई, जाम, छिंदलई एवं वारासिवनी तहसील में गर्रा, थानेगांव, सावंगी, सिंगोड़ी, झालीवाड़ा, अंसेरा, दीनी, रमरमा, कोस्ते, बुदबुदा व रामपायली में धान खरीदी केंद्र बनाया गया है।